A.D.M.-IV जयपुर

न्यायालय सीताराम बनाम रामलाल / 20

मुकदमा संख्या / वर्ष 4/19

क्र0स0	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	5-4-19.	पत्रावली पेश हुई। वकील उभय पक्ष उपस्थित। वकील अपीलान्ट के साथ अपीलान्ट सीताराम पुत्र दुलाराम जाति बुनकर स्वंय उपस्थित। वकील रेस्पोडेन्टस् के साथ रेस्पो0 सं0 1 रामलाल पुत्र श्री बालूराम जाति बलाई स्वंय उपस्थित। अपीलान्ट एवं रेस्पोडेन्ट ने न्यायालय में आज उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र अन्तर्गत आदेश 23 नियम 3 बाबत राजीनामा पेश किया। रेस्पो0 सं0 1 ने तहसीलदार चौमूं द्वारा क्रमांक / भू.अ. / 18 / 2551 दिनांक 12.06.2018 वाके ग्राम गोविन्दगढ के समर्पणनामें को निरस्त किये जाने पर कोई आपत्ति नहीं होने का कथन किया तथा उभय पक्षों ने विचाराधीन अपील को राजीनामा अनुसार निर्णित करने पर अपनी–अपनी सहमति प्रदान करते हुए विचाराधीन अपील को राजीनामा अनुसार निस्तारित करने हेतु निवेदन किया। उभय पक्षों के विद्वान अधिवक्तागण की बहस बाबत राजीनामा सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया। उभय पक्षों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत राजीनामा स्वीकार किया जाकर तहसीलदार, चौमू द्वारा क्रमांक / भू.अ. / 18 / 2551 दिनांक 12.06.2018 वाके ग्राम गोविन्दगढ़ सम्पर्णनामें को निरस्त किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो। बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 05.04.2019 को सरे इजलास सुनाया गया। (डॉ. अशोक कुमार) अतिरिक्त कलक्टर (चतुर्थ) जयपुर	पालना पत्रावली 914 17/5/19

Scanned by CamScanner